अभिव्यक्ति और माध्यम

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए-

i- छापाखाने के आविष्कार का श्रेय किसे दिया जाता है?

(क) जे एल बेयर्ड को

(ख) गुटेनबर्ग को

(ग) पं. जुगल किशोर को

(घ) जी मार्कोनी को

ii- उलटा पिरामिड शैली में-

(क) समाचार के सबसे महत्वपूर्ण तथ्य को सबसे बाद में लिखा जाता है

(ख) समाचार के सबसे महत्वपूर्ण तथ्य को मध्य में लिखा जाता है

(ग) समाचार के सबसे महत्वपूर्ण तथ्य को नहीं लिखा जाता है

(घ) समाचार के सबसे महत्वपूर्ण तथ्य को सबसे पहले लिखा जाता है

iii- टेलीविज़न से संबंधित शब्द 'लाइव' का क्या अर्थ है?

(क) किसी खबर का सिनेमा हॉल से सीधा प्रसारण

(ख) किसी खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण

(ग) किसी खबर का स्टूडियो से सीधा प्रसारण

(घ) किसी खबर का रेडियो स्टेशन से सीधा प्रसारण

iv- संचार के किस माध्यम को श्रव्य और दृश्य माध्यम कहा जाता है-

(क) रेडियो

(ख) समाचार पत्र

(ग) टेलीविजन

(घ) दूरभाष यंत्र

v- किसी समाचार संगठन का नियमित वेतनभोगी कर्मचारी कहलाता है-

(क) पूर्णकालिक पत्रकार

(ख) अंशकालिक पत्रकार

(ग) स्वतंत्र पत्रकार

(घ) इनमें से कोई नहीं

vi- समाचार के तत्वों में शामिल है-

(क) नवीनता

(ख) प्रभावकारिता,

(ग) निकटता

(घ) उक्त तीनों

vii- भारत में सबसे पहले छापाखाना कहाँ खुला?

(क) कोलकाता में

(ख) मुंबई में

(ग) दिल्ली में

(घ) गोवा में

viii- छह ककारों का प्रयोग होता है-

(क) उल्टा पिरामिड शैली में

(ख) टेलीविजन में

(ग) सिनेमा में

(घ) पत्रकारिता में

ix- ब्रेकिंग न्यूज का अर्थ है-

(क) कम शब्दों में तुरंत की महत्त्वपूर्ण घटना का प्रसारण

(ख) किसी खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण

(ग) अधिक शब्दों में कल की घटना का प्रसारण

(घ) किसी खबर का रेडियो स्टेशन से सीधा प्रसारण

x- राजनीति, अपराध, खेल, फ़िल्म व कृषि क्षेत्र के लिए संवाददाताओं के बीच रूचि एवं विशेज्ञता के आधार पर काम के बँटवारे को क्या कहते हैं?

(क) ताजा खबर

(ख) सीधा प्रसारण

(ग) बीट

(घ) पत्रकारिता

xi- स्वतंत्र पत्रकार कहलाता है-

(क) किसी समाचार संगठन का नियमित एवं वेतनभोगी कर्मचारी

(ख) किसी समाचार संगठन का निश्चित मानदेय पर कार्य करने वाला अनियमित कर्मचारी

(ग) किसी समाचार संगठन के लिए अपने लेख के लिए भुगतान पाने वाला पत्रकार

(घ) इनमें से 'क' और 'ख'

xii- कूटवाचन का अर्थ है-

(क) संचारक द्वारा संदेश के लिए प्रयोग की गई कूटभाषा को उसी अर्थ में समझना

(ख) प्राप्तकर्ता द्वारा संदेश के लिए प्रयोग की गई कूटभाषा को उसी अर्थ में समझना

(ग) संचारक और प्राप्तकर्ता के बीच तालमेल होना

(घ) 'क', 'ख' और 'ग'

xiii- किसी विशेष विषय पर विचार एवं गद्य प्रधान अभिव्यक्ति को क्या कहा जाता है?

(क) संपाकीय

(ख) समाचार

(ग) टिप्पणी

(घ) आलेख

xiv- इंट्रो, मुखड़ा और बाडी किसके महत्त्वपूर्ण भाग हैं-

(क) समाचार पत्र के

(ख) टेलीविजन के

(ग) उलटा पिरामिड शैली के

(घ) इंटरनेट के

xv- टेलीविज़न से संबंधित शब्द 'लाइव' का क्या अर्थ है?

(क) किसी खबर का सिनेमा हॉल से सीधा प्रसारण

(ख) किसी खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण

(ग) किसी खबर का स्टूडियो से सीधा प्रसारण

(घ) किसी खबर का रेडियो स्टेशन से सीधा प्रसारण

xvi- इंटरनेट पत्रकारिता का आशय है-

(क) इंटरनेट पर अखबारों का प्रकाशन या खबरों का आदान-प्रदान

(ख) इंटरनेट पर वीडियो गेम का आदान-प्रदान

(ग) इंटरनेट पर पैसों का लेन-देन

(घ) इनमें से कोई नहीं

xvii- भारत में सबसे पहला समाचार पत्र कब और कहाँ से प्रकाशित हुआ?

(क) 1835 ई. में गोवा से प्रकाशित हुआ

(ख) 1780 ई. में जेम्स ऑगस्ट हिकी का 'बंगाल गजट' कोलकाता से प्रकाशित हुआ

(ग) 1826 ई. में कोलकाता से प्रकाशित हुआ

(घ) 1885 ई. में मुंबई से प्रकाशित हुआ

xviii- पत्रकारिता से क्या आशय है?

(क) अखबार, रेडियो, टेलीविजन या इंटरनेट के माध्यम से खबरों का संचार ही पत्रकारिता है

(ख) विविध क्षेत्रों से ख़बरों का संकलन करना पत्रकारिता कहलाती है

(ग) संवाददाताओं से प्राप्त ख़बरों में काट-छाँट करना ही पत्रकारिता है

(घ) उक्त तीनों सही हैं

xix- झूठी अफवाहों, सनसनीखेज मुद्दों को प्रमुखता देने वाली पत्रकारिता क्या कहलाती है?

(क) खोजी पत्रकारिता

(ख) पीत पत्रकारिता

(ग) वैकल्पिक पत्रकारिता

(घ) पेज थ्री पत्रकारिता

xx- निम्नलिखित में से मुद्रित माध्यम नहीं है?

(क) अखबार,

(ख) रेडियो

(ग) पुस्तक

(घ) बैनर

उत्तर-

i-(ख) गुटेनबर्ग को

ii-(घ) समाचार के सबसे महत्वपूर्ण तथ्य को सबसे पहले लिखा जाता है

iii-(ख) किसी खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण

iv-(ग) टेलीविजन

v-(क) पूर्णकालिक पत्रकार

vi-(घ) उक्त तीनों

vii-(घ) गोवा में

viii-(घ) पत्रकारिता में

ix-(क) कम शब्दों में तुरंत की महत्त्वपूर्ण घटना का प्रसारण

x-(ग) बीट

xi-(ग) किसी समाचार संगठन के लिए अपने लेख के लिए भुगतान पाने वाला पत्रकार

xii-(ख) प्राप्तकर्ता द्वारा संदेश के लिए प्रयोग की गई कूटभाषा को उसी अर्थ में समझना

xiii-(घ) आलेख

xiv-(ग) उलटा पिरामिड शैली के

xv-(ख) किसी खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण

xvi-(क) इंटरनेट पर अखबारों का प्रकाशन या खबरों का आदान-प्रदान

xvii-(ख) 1780 ई. में जेम्स ऑगस्ट हिकी का 'बंगाल गजट' कोलकाता से प्रकाशित हुआ

xviii-(घ) उक्त तीनों

xix-(ख) पीत पत्रकारिता

xx-(ख) रेडियो